मैंने छोड़ा जगत जंजाल

मैंने छोड़ा जगत जंजाल राम गुण गाने लगा,
राम नाम की धुन में बहकर जीवन सफल बनाने लगा,
मैने छोड़ा जगत जंजाल राम गुण गाने लगा,

ये माया है बहता पानी ना रहे राजा ना रही रानी,
हम तुम सब की यही कहानी यह दुनिया है आनी जानी,
नाम राम का सबसे सच्चा नाम राम का सबसे सच्चा,
सबको यही समझाने लगा,
मैने छोड़ा जगत जंजाल,
राम गुण गाने लगा..........

राम ही दीपक राम ही बाती राम सभी का सच्चा साथी,
राम सभी की पढ़ता पाती याद राम की कभी ना जाती,
राम भक्ति के मैं घर घर में भक्ति द्वीप दमकाने लगा,
मैने छोड़ा जगत जंजाल,
राम गुण गाने लगा..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4753/title/maine-choda-jagat-janjaal-ram-gun-gaane-laga-ram-nam-ki-dhun-me-behkar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |